| CURTISS-WRIGHT | गोपनीयता सूचना पत्र | |
| --- | --- | --- |
| | अंतिम अद्यतन | 16 जनवरी 2023 |

## परिचय

कर्टिस-राइट कॉरपोरेशन ("कर्टिस-राइट" , "हमारा" , "हमें", "हम") डेटा नियंत्रक है, उस निजी जानकारी का जिसे हम एकत्रित और संसाधित करते हैं, जिसकी हमें अपने व्यापार का प्रबंधन और हमारे कानूनी और अनुबंधात्मक कर्तव्यों को पूरा करने के लिए आवश्यकता है।

आपको गोपनीयता हमारे लिए महत्वपूर्ण है। यह गोपनीयता सूचना पत्र उन व्यक्तियों जो कर्टिस-राइट सहित हमारी सहयोगी संस्थाओं और सम्बद्ध संस्थाओं के साथ व्यवहार, संवाद करते हैं या किसी अन्य प्रकार से जुड़े हुए हैं, उन्हें बताता है कि कर्टिस-राइट आपके निजी डेटा को कैसे और क्यों एकत्रित, उपयोग और सुरक्षित करता है और आपके निजी डेटा के सम्बन्ध में आपके जो सम्बंधित निजी अधिकार हैं।

जब हम आपके साथ व्यवहार करते हैं, हम आपको विशिष्ट संसाधन गतिविधियों के बारे में अतिरिक्त गोपनीयता कथन भी प्रदान कर सकते हैं या आपकी निजी सूचना को कर्टिस-राइट कैसे संसाधित करता है इस बारे में अतिरिक्त विकल्प प्रदान कर सकते हैं।

आपकी रूचि के अनुभाग पर जाने के लिए नीचे दिए गए लिंकों में से किसी एक पर क्लिक करें:


**हम कौन हैं**

**निजी डेटा को संसाधित करने के लिए सिद्धांत**

**निजी जानकारी जिसे हम एकत्रित करते हैं**

**हम आपकी निजी जानकारी को संसाधित क्यों करते हैं**

**कानूनी आधार जिस पर हम आपकी निजी जानकारी को संसाधित करने के लिए निर्भर करते हैं**

**आपके निजी डेटा को साझा करना**

**आपके निजी डेटा को सुरक्षित करना**

**आपकी जानकारी का संग्रह करना**

**आपके निजी डेटा विषय अधिकार**

**कैलिफ़ोर्निया उपभोक्ता गोपनीयता अधिनियम**

**इस गोपनीयता सूचना पत्र में बदलाव**

**हमसे संपर्क कैसे करें**


## हम कौन हैं

कर्टिस राईट कॉरपोरेशन का पंजीकृत पता है: 130 हार्बर प्लेस ड्राइव, सूट 300, डेविडसन, एनसी 28036, यू.एस.ए

पैनी एंड गिल्स कंट्रोल्स लिमिटेड, इंग्लैंड और वेल्स में क्रमांक 00843903 के अधीन पंजीकृत एक कंपनी, जिसका पंजीकृत पता 15 एंटरप्राइज वे, एविएशन पार्क वेस्ट, बॉर्नमथ इंटरनेशनल एअरपोर्ट, क्राइस्टचर्च, डोरसेट, बीएच23 6एचएच, यूनाइटेड किंगडम है, यूरोप में कर्टिस राईट कॉरपोरेशन का प्रतिनिधित्व करती है ।

### निजी डेटा को संसाधित करने के लिए सिद्धांत

डेटा नियंत्रक के रूप में, कर्टिस-राइट आपके और पर्यवेक्षी अधिकारियों के प्रति उत्तरदायी है कि हम आपके निजी डेटा को कैसे संसाधित करते हैं। कर्टिस-राइट यह सुनिश्चित करेगा कि निजी डेटा:

- वैध, निष्पक्ष और स्पष्ट रूप से संसाधित किया जाएगा।
- विस्तृत, सुस्पष्ट और वैध उद्देश्यों के लिए एकत्रित किया जाएगा और उन उद्देश्यों के साथ असंगत तरीकों से आगे संसाधित नहीं किया जाएगा।
- आवश्यकतानुसार पर्याप्त, उपयुक्त और सीमित होगा।

- सटीक और जहाँ आवश्यक हो, अद्यतन रखा जाएगा। यह सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाए जाएँगे कि हमारे पास उपस्थित निजी डेटा सही और वास्तव में किसी प्रकार से भ्रामक नहीं है ।
- आवश्यकता से अधिक समय तक नहीं रखा जाएगा। कर्टिस-राईट मानक डेटा प्रतिधारण अवधि के लिए कार्य करता है, जो जहाँ कहीं भी संभव हो, प्रलेखन आवश्यकताओं का पालन करता है।
- इस प्रकार संसाधित किया जाएगा जो निजी डेटा की उचित सुरक्षा सुनिश्चित करता है, इसमें अनधिकृत या गैरकानूनी संसाधन और आकस्मिक नुकसान, विनाश या क्षति से सुरक्षा शामिल है।
- उचित तकनीकी और संगठनात्मक उपायों का प्रयोग करके, उत्तरदायित्व की आवश्यकताओं और डेटा संसाधन के ऊपर-उल्लेखित सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए संसाधित किया जाएगा।

## निजी जानकारी जिसे हम एकत्रित करते हैं

- **आप जो जानकारी हमें देते हैं।** कर्टिस-राईट निजी डेटा को कई प्रकार से एकत्रित करता है। जब आप हमारे तृतीय-पक्ष सेवा प्रदाताओं के माध्यम से हमारे साथ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से व्यवहार करते हैं, तो हम सेवा प्रदान करने या आपके द्वारा अनुरोधित लेनदेन को पूरा करने के लिए आपसे निजी जानकारी माँग सकते हैं। उदाहरण के लिए, हम नौकरी आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से डेटा एकत्रित करते हैं जहाँ हमें फॉर्म भरवाने की आवश्यकता होती है, सीवी या रिज्यूमे और आपका पासपोर्ट या सरकार द्वारा जारी पहचान का कोई अन्य दस्तावेज अक्सर साइट विज़िट की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आवश्यक होते हैं। आप हमें तब भी निजी जानकारी प्रदान कर सकते हैं जब आप साक्षात्कार, मीटिंग या किसी अन्य मूल्यांकन के माध्यम से हमारे साथ पत्र-व्यवहार करते हैं, या यह एक पूछताछ, कोई प्रतिक्रिया या एक ग्राहक सहायता अनुरोध भी हो सकता है। आपसे प्रत्यक्ष रूप से एकत्रित की गई निजी जानकारी में ये भी शामिल हो सकते हैं:
  - **पहचान का डेटा**, जैसे कि आपका नाम, पद, कंपनी/संस्था का नाम, ईमेल एड्रेस, टेलीफोन और फैक्स नंबर और भौतिक पता (गली, शहर, राज्य, डाक कोड, और/या देश सहित)।
  - **पंजीकरण डेटा,** जैसे कि आपके द्वारा प्रदान की गयी जानकारी जब आप हमारे कर्मचारियों के साथ ईमेल, पोस्ट या फ़ोन पर व्यवहार करते हैं, जब आप हमारी किसी वेबसाइट का प्रयोग करने के लिए उपयोगकर्ता नाम और पासवर्ड सहित अकाउंट के लिए पंजीकरण करते हैं  या जब आप साईट विजिट के लिए पंजीकृत होते हैं।
  - **भर्ती डेटा,** में नौकरी के आवेदन या अन्य पूछताछ के सम्बन्ध में जमा की गयी जानकारी शामिल है।
  - **विपणन और संचार डेटा,** में आपकी विपणन प्राथमिकताएँ और हमारे प्रकाशन के लिए आपकी सदस्यता शामिल है।
  - **व्यापार विकास डेटा,** जब आप या आपका नियोक्ता व्यवसाय सहयोगी, आपूर्ति श्रृंखला प्रदाता, या एक प्रतिनिधि या वितरक बन जाते हैं या जब हमारी आपके साथ आमने सामने बैठक होती है।
  - **वितीय जानकारी**, में कर्टिस-राईट उत्पाद और सेवाएँ जो हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध हो सकती हैं उनकी खरीद को सरल बनाने के लिए हमें सक्षम बनाने के उद्देश्य से क्रेडिट कार्ड या अन्य वित्तीय खाते की जानकारी शामिल है।
  - **सम्यक तत्परता,** आपके द्वारा प्रदान की गयी जानकारी हमें हमारी वैध सम्यक तत्परता प्रक्रिया का पालन करने में सहायता करेगी, इसमें पहचान का सत्यापन, धोखाधड़ी से बचाव, आपराधिक गतिविधि या प्रतिबंधित पार्टी स्क्रीनिंग और ऐसे अन्य क़ानूनी और व्यावसायिक दायित्व शामिल हैं।
  - **निर्यात नियंत्रण जानकारी**, जैसे कि आपकी राष्ट्रीयता, नागरिकता और निवास का देश या कोई अन्य निजी जानकारी जो हमें नियंत्रित उत्पादों या डेटा को व्यापार-प्रतिरोधों के अधीन किसी गंतव्य पर ले जाने के जोखिम या अन्य व्यापार नियंत्रणों का आकलन करने और विशिष्ट तकनीकों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए निर्यात नियंत्रण विनियमों के तहत आपकी योग्यता निर्धारित करने की अनुमति देती है।
  - **लेन-देन डेटा,** इसमें हमारे उत्पादों और सेवाओं के बारे में पूछताछ और ऑर्डर और आपको और आपके द्वारा भुगतान का विवरण, या जब आप ऑर्डर देते हैं या जब आप अपनी ओर से, या अपने नियोक्ता की ओर से हमारे साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर करते हैं शामिल है।
  - **कार्यक्रम पंजीकरण जानकारी**, इसमें ई-पंजीकरण फॉर्म भरते समय आपके द्वारा प्रदान की गयी जानकारी शामिल है।
  - **भौतिक अधिगम डेटा,** हमारे परिसर में आपके आने से सम्बंधित जानकारी ।

- **डेटा का विशेष वर्ग।** कुछ विशेष परिस्थितियों में हमें आपसे विशेष वर्ग की (संवेदनशील) निजी जानकारी एकत्रित करने की आवश्यकता हो सकती है। उदाहरण के लिए, किसी कार्यक्रम या गोष्ठी के लिए पंजीकरण और प्रवेश के प्रावधान के सम्बन्ध में, हम आपकी किसी विकलांगता या विशेष आहारीय आवश्यकताओं को पहचानने और उनका ध्यान रखने के उद्देश्य से आपके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी माँग सकते हैं। हम सदा यह सुनिश्चित करेंगे कि डेटा की प्रकृति और अभीष्ट उपयोगों के साथ जुड़े हुए जोखिमों के आधार पर उचित सुरक्षा उपाय (उदाहरण, भौतिक सुरक्षा उपकरण, कूटलेखन और पहुँच प्रतिबन्ध) अपनाए गए हैं।
- **सामाजिक संचार-माध्यम जानकारी।** सामाजिक संचार-माध्यम समूहों द्वारा प्रकाशित गोपनीयता नीति, कथन और दिशा निर्देश आपके कर्टिस-राईट सामाजिक संचार-माध्यम समूहों के उपयोग पर लागू होते हैं। हम आपको आपके द्वारा उपयोग किए जाने वाले प्रत्येक सामाजिक संचार-माध्यम समूह पर प्रकाशित गोपनीयता नीतियों और दिशा निर्देश को पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। यदि आप कर्टिस-राईट सामाजिक समूह के माध्यम से हमारी वेबसाइट से जुड़े हैं, तो प्रत्येक सामाजिक संचार-माध्यम समूह पर आपकी गोपनीयता सेटिंग्स के अनुसार हम आपसे कोई निजी जानकारी एकत्रित नहीं करते।
- **तृतीय पक्ष वेबसाइटें।** हमारी वेबसाइट में हमारे भागीदार समूहों, विज्ञापनदाताओं और सहयोगी संस्थाओं की वेबसाइटों के लिंक शामिल हो सकते हैं। इन तृतीय पक्ष वेबसाइटों की अपनी गोपनीयता नीतियाँ हैं जिसके लिए हम कोई उत्तरदायित्व या जवाबदेही स्वीकार नहीं करते हैं ।
- **क्लोज्ड सर्किट टेलीविज़न (सीसीटीवी)।** कुछ स्थानों पर, अपराध की रोकथाम और पहचान के लिए, हमारे कर्मचारियों और आगंतुकों की सुरक्षा और रक्षा के लिए और स्वास्थ्य और सुरक्षा कानून के प्रति हमारे दायित्वों को पूरा करने के लिए, कर्टिस-राईट आपके निजी रूप से पहचानने योग्य चित्रों को सीसीटीवी निगरानी प्रणाली के माध्यम से संसाधित करेगा।
- **आपकी प्रतिक्रिया** । जिसमें हमारे उत्पादों और सेवाओं के साथ साथ हमारी वेबसाइटों के बारे में आपकी प्रतिक्रिया शामिल है ।
- **आपके बारे में जानकारी जो हम स्वतः एकत्रित करते हैं** । हमारी वेबसाइटें कुकीज़ और समान तकनीकों का उपयोग करती हैं जो कर्टिस-राईट वेबसाइट पर आपकी विजिट के बारे में कुछ जानकारी एकत्रित करेंगी। कुकीज छोटी टेक्स्ट फाइलें होती हैं जो डेटा संग्रहित करने के लिए आपके कंप्यूटर या मोबाइल उपकरण पर संग्रहित हो सकती हैं जिसे कुकी नियत करने वाले डोमेन में वेब सर्वर द्वारा पुनः प्राप्त किया जा सकता है। यह डेटा आमतौर पर संख्याओं और अक्षरों और अन्य सूचनाओं की श्रृंखला होता है, जो विशिष्ट रूप से आपके कंप्यूटर या मोबाइल उपकरण को पहचानते हैं। कुकीज़ कई विभिन्न काम करती हैं, जैसे कि आपको वेब पेजों के बीच कुशलता से नेविगेट करने देना और आपकी प्राथमिकताओं को याद रखना । उदाहरण के लिए:
- हर बार जब आप हमारी वेबसाइटों में से किसी एक का उपयोग करते हैं, हम स्वतः आपके कंप्यूटर या उपकरण को इन्टरनेट से जोड़ने के लिए उपयुक्त इन्टरनेट प्रोटोकॉल (आईपी) एड्रेस, ब्राउज़र का प्रकार और संस्करण, समय-क्षेत्र सेटिंग, ब्राउज़र का प्लग-इन प्रकार और संस्करण, ऑपरेटिंग सिस्टम और प्लेटफार्म सहित **तकनीकी जानकारी** एकत्रित कर सकते हैं।
- आपके बारे में हम जो जानकारी एकत्रित करते हैं उसमें से कुछ **डेटा के उपयोग** से सम्बंधित होती है। उदाहरण के लिए, आप हमारी वेबसाइटों का उपयोग कैसे करते हैं, आप कौन से पृष्ठ देखते हैं, स्थानांतरित बाइट्स की संख्या, आप जिन लिंकों पर क्लिक करते हैं और जिस सामग्री का आप उपयोग करते हैं। हम जब आप साइट का उपयोग करते हैं उस तारीख और समय को , जिस वेबसाइट से आपने हमारी किसी साइट से लिंक किया है, वेबसाइट का उपयोग करते समय आपका भौगोलिक स्थान और हमारी वेबसाइट पर प्रदान किये गए संपर्क फोन नंबर पर कॉल करने के लिए इस्तेमाल किया गया कोई भी फोन नंबर और साइट में की गयी किसी भी अन्य गतिविधि को रिकॉर्ड कर सकते हैं।
- आपके द्वारा हमारी साईट के उपयोग को ट्रैक करने के लिए हम कुकीज का उपयोग करते हैं, परन्तु हम आपके बारे में निर्णय लेने या आपको इलेक्ट्रॉनिक रूप से विपणन जानकारी भेजने के लिए कुकीज का उपयोग नहीं करते हैं।
- इसमें से अधिकतर जानकारी निजी जानकारी हो सकती है, विशेषकर जब इसे अन्य डेटा समूहों के साथ संयुक्त किया जाता है। जिन कुकीज़ और अन्य समान ट्रैकिंग तकनीकों का हम उपयोग करते हैं जिसमें आपके कंप्यूटर या मोबाइल उपकरण पर हमारी कुकीज़ को निष्क्रिय या ब्लॉक करना शामिल है,उनके बारे में अधिक विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया आप जिस कर्टिस-राईट वेबसाइट का उपयोग कर रहे हैं, उस पर कुकी नीति देखें। वैकल्पिक रूप

से, कुकीज़ के प्रबंधन के बारे में व्यापक जानकारी प्राप्त करने के लिए आप www.aboutcookies.org या www.youronlinechoices.eu पर जा सकते हैं।

- कुछ मामलों में, कर्टिस-राईट तृतीय पक्ष से आपके बारे में निजी डेटा एकत्रित करता है, उदाहरण के लिए पूर्व नियोक्ताओं द्वारा प्रदान किए गए संदर्भ, निजी संपर्क, या पृष्ठभूमि जाँच प्रदाताओं से प्राप्त जानकारी। कानून द्वारा स्वीकृत परिस्थितियों में, हम क्रेडिट रेफेरेंस एजेंसियों, आपराधिक आंकड़ों और डिस्क्लोज़्ड बारिंग सर्विसेज और प्रतिबंधित पार्टी स्क्रीनिंग एजेंसियों से निजी जानकारी प्राप्त करते हैं।
- **बच्चों/नाबालिगों का डेटा।** कर्टिस-राईट वेबसाइटें 16 साल से कम उम्र के बच्चों या नाबालिगों के लिए नहीं हैं और न ही उनका उपयोग किया जाना चाहिए और हम ऐसे व्यक्तियों की निजी जानकारी को जानबूझकर संसाधित नहीं करते हैं। यदि आप आपके निवास के देश के कानूनों के अनुसार नाबालिग हैं, तो आपको हमारी वेबसाइटों के माध्यम से निजी जानकारी को जमा नहीं करना चाहिए।

## हम आपकी निजी जानकारी को संसाधित क्यों करते हैं

कर्टिस-राईट वैध व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए आपके निजी डेटा को संसाधित करता है, उदाहरण के लिए:

- **व्यावसायिक संपर्क जानकारी**. कर्टिस-राईट संचार या लेन-देन में संलग्न होने के लिए व्यावसायिक संपर्क जानकारी एकत्रित और उपयोग करेगा जिसमें किसी उत्पाद या सेवा को प्रदान करने या प्राप्त करने या उस संबंध में सम्यक तत्परता आयोजित करना शामिल है। उदाहरण के लिए, हम इस व्यावसायिक संपर्क जानकारी को ऑर्डरों, अनुबंधों, गारंटियों, रखरखाव, और समान व्यावसायिक कार्यों को सुविधाजनक बनाने और प्रबंधित करने के लिए, ऋण विश्लेषण और वसूली उद्देश्यों के लिए, हमारे अपने आंतरिक अनुपालन और कानूनी आवश्यकताओं में सहायता के लिए, और (यदि आवश्यक हो) हमारे हितों और दावों की रक्षा के लिए एकत्रित और उपयोग कर सकते हैं।
- **मानव संसाधन जानकारी**. भर्ती और प्रतिभा अधिग्रहण के सम्बन्ध में कर्टिस-राईट मानव संसाधन कार्य क्षेत्र की सहायता करने के लिए, आप हमें अपने बारे में जानकारी प्रदान कर सकते हैं, उदाहरण के लिए रिज्यूमे, शैक्षिक अभिलेख एवं कार्य अनुभव (करिकुलम विटे), व्यावसायिक संदर्भ, शिक्षा और नौकरी की पृष्ठभूमि के बारे में जानकारी और व्यावसायिक प्रशिक्षण और प्रमाणीकरण के बारे में जानकारी। हम इस जानकारी का उपयोग नौकरी देने पर विचार करने, पृष्ठभूमि की जाँच और नौकरी के लिए योग्यता के उद्देश्य के लिए कर सकते हैं। हम नौकरी के लिए आवेदन माँगने, एकत्रित करने और संसाधित करने के लिए तृतीय पक्ष (उदाहरण, नौकरी के लिए भर्ती करने वाले) या सामाजिक संचार-माध्यम मंच का उपयोग कर सकते हैं।
- **विपणन.** हमारी विपणन नीति के भाग के रूप में और लागू कानूनों और विनियमों के अनुरूप, हम आपके द्वारा अनुरोधित सेवा या उत्पाद की जानकारी उपलब्ध करवाएँगे और हमारे उत्पादों और सेवाओं के बारे में विपणन जानकारी आपको भेजेंगे। हम आपकी ऑनलाइन गतिविधियों के बारे में डेटा एकत्रित करेंगे और आपकी रुचियों को पहचानेंगे ताकि हम आपके लिए सर्वाधिक उपयुक्त विज्ञापन उपलब्ध करवा सकें। हम आपको व्यापारिक कार्यक्रमों के लिए आमंत्रित करेंगे और अन्यथा विशेष ऑफ़रों, समाचारों, सर्वेक्षणों, विशेष ऑफ़रों और संबंधित विषयों के बारे में आपको सूचना देंगे।
- **बिक्री.** हम आपकी निजी जानकारी का उपयोग आपको सेवाएँ प्रदान करने या आपके द्वारा अनुरोधित लेन-देन को पूरा करने के लिए कर सकते हैं, इसमें आपके द्वारा खरीदे गए या उपयोग किए गए कर्टिस-राईट उत्पादों या सेवाओं की जानकारी प्रदान करना, खरीदे गए उत्पादों को पंजीकृत करना, उत्पाद के ऑर्डरों को संसाधित करना, गारंटी दावों का प्रबंधन करना, उत्पाद नियमावलियों को बदलना, ग्राहक सेवा अनुरोधों का उत्तर देना और हमारी साइटों के उपयोग को सरल बनाना शामिल है, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है।
- **तकनीकी प्रशासन.** हम आपकी निजी जानकारी का उपयोग अपनी वेबसाइटों का कुशल संचालन सुनिश्चित करने, तकनीकी प्रशासन, रखरखाव और सहायता, समस्या समाधान, डेटा विश्लेषण, परीक्षण, अनुसंधान, सांख्यिकीय और सर्वेक्षण उद्देश्यों सहित कर्टिस-राईट सूचना तकनीकी नीतियों और दिशानिर्देशों के अनुरूप हमारे समूहों और प्रणालियों को सुरक्षित करने और सुधारने में मदद के लिए कर सकते हैं।
- **सुरक्षा.** हम आपकी निजी जानकारी का उपयोग कर्टिस-राईट सुरक्षा योजनाओं को समर्थन देने के लिए कर सकते हैं जो हमारी सुविधाओं, कार्यालयों, उपकरणों और सूचनाओं के उपयोग को नियंत्रित और उनकी भौतिक सुरक्षा की देख रेख करते हैं।
- **स्वास्थ्य और सुरक्षा.** कर्टिस-राईट विकलांग व्यक्तियों के प्रति दायित्वों का अनुपालन करता है इसे सुनिश्चित करके, हम राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य और सुरक्षा कानून के प्रति अपने दायित्वों को समर्थन देने, व्यावसायिक स्वास्थ्य सलाह प्राप्त करने के लिए आपकी निजी जानकारी का उपयोग कर सकते हैं।

- **संपादन.** हम आपकी निजी जानकारी का उपयोग धोखे, बौद्धिक सम्पदा के अतिक्रमण, हमारे नियमों और शर्तों के उल्लंघन, कानून के उल्लंघन या अन्य दुरुपयोगों का पता लगाने, रोकने और जवाब देने में हमारी मदद करने के लिए कर सकते हैं।

## कानूनी आधार जिस पर हम आपकी निजी जानकारी को संसाधित करने के लिए निर्भर करते हैं

कर्टिस-राईट आपकी निजी जानकारी को केवल वैध कारणों के लिए संसाधित करेगा । जैसा कि कानून द्वारा आवश्यक है, हम सुनिश्चित करेंगे कि आपकी निजी जानकारी के संसाधन का एक वैध आधार हो।

- जहाँ आपके साथ अनुबंधात्मक व्यवस्था के संपादन के लिए संसाधन आवश्यक है, हम आपके निजी डेटा को अनुबंध के वैध आधार के तहत संसाधित करेंगे। उदाहरण के लिए, हमें आपकी ओर से, या आपके नियोक्ता की ओर से, आपके निजी डेटा को संसाधित करना पड़ता है ताकि हम आपको हमारे साथ किये गए किसी भी अनुबंध की आवश्यकता के अनुसार भुगतान कर सकें।
- जहाँ हमारे कानूनी दायित्वों का पालन करने के लिए संसाधन आवश्यक है जैसे कि लागू कानून, विनियमों या अदालती आदेशों का अनुपालन, हम **कानूनी दायित्व** के वैध आधार के तहत आपके निजी डेटा को संसाधित करेंगे। उदाहरण के लिए, हमें अक्सर निजी जानकारी को कर अधिकारियों, क्रेडिट रेफेरेंस एजेंसियों, आपराधिक आंकड़ों और डिस्क्लोज़्ड बारिंग सर्विसेज और प्रतिबंधित पार्टी स्क्रीनिंग एजेंसियों जैसे संगठनों के साथ संसाधित करना पड़ता है।
- जहाँ हमारे विधि-सम्मत व्यावसायिक हितों को पूरा करने के लिए संसाधन आवश्यक है और संसाधन के लिए एक अकाट्य औचित्य है और संसाधन इस प्रकार आयोजित किया जाता है जो किसी व्यक्ति के गोपनीयता अधिकारों पर न्यूनतम प्रभाव के साथ उचित रूप से अपेक्षित है, हम आपके निजी डेटा को **विधि-सम्मत हित** के वैध आधारों पर संसाधित करेंगे।
- जहाँ किसी व्यक्ति के डेटा को संसाधित करने के लिए उनकी सहमति प्राप्त करने के लिए संसाधन आवश्यक है, हम आपके निजी डेटा को सहमति के वैध आधार के तहत संसाधित करेंगे। हम सुनिश्चित करते हैं कि किसी भी सहमति को एक स्पष्ट सकारात्मक कार्यवाई के माध्यम से प्राप्त किया गया है, जो किसी व्यक्ति के निजी डेटा (अर्थात एक सकारात्मक ऑप्ट-इन) के संसाधन के लिए उनकी सहमति के स्वेच्छा से दिए गए, विशिष्ट, सूचित और स्पष्ट संकेत को प्रमाणित करता है। जब संसाधन के कई उद्देश्य हों, तो प्रत्येक के लिए सहमति प्राप्त की जाएगी।

  **सुस्पष्ट सहमति** अत्यधिक स्पष्ट और विशिष्ट कथनों का उपयोग करके प्राप्त की जाएगी और संसाधन की सहमति के लिए कोई भी अनुरोध हमारे नियमों और शर्तों से महत्वपूर्ण और अलग होगा। व्यक्ति किसी भी समय सहमति वापस ले सकते हैं और बिना नुकसान के सहमति देने से इनकार कर सकते हैं।

## आपके निजी डेटा को साझा करना

कर्टिस-राईट किसी तृतीय पक्ष के साथ आपकी जानकारी का विक्रय या विनिमय नहीं करेगा। लागू कानून के अनुसार, और केवल तब जब हमारे सेवा प्रदाताओं को अनुबंधित सेवाएँ प्रदान करने में सक्षम बनाने के लिए ऐसा प्रकटीकरण आवश्यक हो, कर्टिस-राईट आपकी निजी जानकारी को तृतीय पक्ष के साथ साझा करेगा जैसा कि नीचे परिभाषित किया गया है:

- **कर्टिस-राईट कॉरपोरेशन.** हमें आपकी निजी जानकारी को हमारे समूह के अन्य सदस्यों के साथ साझा करने की आवश्यकता होती है, जिसका अर्थ है हमारी सहायक और समूह कंपनियाँ, क्योंकि यह इस गोपनीयता सूचना पत्र में निर्धारित वैध व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए यथोचित आवश्यक है।
- **कानूनी दायित्व.** हमें कानून के अनुसार कानूनी दायित्वों का पालन करने के लिए आपकी निजी जानकारी का प्रकटीकरण करना या उसे साझा करना आवश्यक है। उदाहरण के लिए, हमें कर अधिकारियों या अन्य कानूनन अनिवार्य गतिविधि जैसे आपराधिक जाँच, अदालती कार्यवाही, आपके अधिकारों की सुरक्षा, हमारे कर्मचारियों, ग्राहकों, विक्रेताओं और आगंतुकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए उपयुक्त निजी जानकारी प्रदान करना आवश्यकता है।
- **सेवा प्रदाता.** कर्टिस-राईट आपकी निजी जानकारी को स्वीकृत तृतीय-पक्ष प्रदाताओं के साथ साझा करेगा जिनके साथ हमने अपनी ओर से गोपनीय सेवाएँ प्रदान करने के लिए अनुबंध किया है। उदाहरण के लिए, वेबसाइट होस्टिंग, ग्राहक संबंध प्रबंधन, भर्ती प्रक्रियाएँ, आगंतुक प्रबंधन, ग्राहक और विक्रेता सम्यक तत्परता, वित्तीय लेनदेन प्रबंधन, प्रतिबंधित पार्टी स्क्रीनिंग, सूचना प्रौद्योगिकी सेवाएँ।
- **वितरक और अन्य विश्वसनीय व्यापारिक भागीदार.** कर्टिस-राईट आपकी निजी जानकारी को वितरकों और अन्य विश्वसनीय व्यापारिक भागीदारों के साथ साझा करेगा जो हमारे उत्पादों और अन्य सेवाओं को आपको वितरित करते हैं।
- **व्यापारिक लेनदेन.** कर्टिस-राईट आपकी निजी जानकारी को वैश्विक वित्तीय संस्थानों, सरकारी संस्थाओं और नौपरिवहन कंपनियों या हमारे व्यापारिक लेनदेन को पूरा करने में संलग्न डाक सेवाओं को देगा।

- **विलय और अधिग्रहण.** कुछ परिस्थितियों में, कर्टिस-राईट हमारी संस्था को बेचेगा, खरीदेगा, हस्तांतरित, विलय या पुनः संगठित करेगा । ऐसा करने के लिए, हम आपके बारे में संभाली गई जानकारी को किसी व्यावसायिक संपत्ति के विलय, अधिग्रहण, हस्तांतरण या बिक्री की बातचीत करने या उसे पूरा करने के लिए उस सीमा तक प्रकट करेंगे जो यथोचित आवश्यक है।

## आपके निजी डेटा को सुरक्षित करना

- कर्टिस-राईट आपकी निजी जानकारी की सुरक्षा को गंभीरता से लेता है। हम आपकी निजी जानकारी को संसाधित करने के जोखिम के लिए उपयुक्त सुरक्षा का स्तर प्रदान करने के लिए तकनीकी और संगठनात्मक उपायों का उपयोग करते हैं। ये उपाय आपकी निजी जानकारी के अकस्मात् खोने, अधिगम, परिवर्तन, उपयोग या अनाधिकृत तरीके से प्रकट होने से रोकते हैं। इसके अतिरिक्त, हम आपकी निजी जानकारी तक पहुँच को उन कर्मचारियों, एजेंटों, ठेकेदारों और अन्य तृतीय पक्षों तक सीमित करते हैं जिन्हें इसे जानने की व्यापारिक आवश्यकता है।
- **अंतर्राष्ट्रीय स्थानांतरण.** कर्टिस-राईट एक यूएस वैश्विक संगठन है, और आपकी निजी जानकारी को दुनिया भर में विभिन्न स्थानों जैसे यूएस, यूके, यूरोपीय संघ, कोस्टा रिका, कनाडा, मैक्सिको, चीन और भारत में स्थानांतरित, संगठित, संग्रहीत या उपयोग किया जा सकता है, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है। इसका मतलब यह है कि जब हम आपकी निजी जानकारी को एकत्रित करते हैं तो इसे उन देशों में संसाधित किया जा सकता है जिनके डेटा सुरक्षा कानून आपके देश के कानूनों से भिन्न हो सकते हैं।
  - हम निजी डेटा को यूके, ईयू और स्विट्ज़रलैंड से अन्य देशों में स्थानांतरित करते हैं, यूके, ईयू और स्विट्ज़रलैंड के अधिकारियों द्वारा इनमें से कुछ के पास डेटा सुरक्षा के पर्याप्त स्तर होने का निर्धारण नहीं किया गया है। उदाहरण के लिए, हो सकता है कि उनके कानून आपको समान गोपनीयता अधिकारों की गारंटी न दें या हो सकता है कि वे आपकी शिकायतों का समाधान करने में सक्षम न हों।
  - जब हम इस प्रकार के स्थानांतरण में संलग्न होते हैं, हम आपके अधिकारों की सुरक्षा और इन सुरक्षाओं को आपके डेटा के साथ होने में सक्षम बनाने के लिए  अनिवार्य क़ानूनी तंत्रों का उपयोग करते हैं जैसे की यूरोपियन कमीशन स्टैण्डर्ड कॉन्ट्रैक्चूअल क्लॉसेस या यूके इंटरनेशनल डेटा ट्रांसफर एग्रीमेंट।
- **तकनीकी और संगठनात्मक उपाय.** कर्टिस-राईट के सभी सहयोगियों और तृतीय-पक्ष एजेंसियों के लिए इस गोपनीयता सूचना पत्र का पालन करना अनिवार्य है और वे आपके गोपनीयता के अधिकारों और आपकी निजी जानकारी की सुरक्षा के लिए आपके निवास के देश के कानूनों के अनुकूल, पर्याप्त स्तर की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संविदात्मक या अन्य सुरक्षात्मक उपायों को लागू करेंगे। ये उपाय गोपनीयता के कर्तव्य और आपके निजी डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अनुकूल तकनीकी और संगठनात्मक उपायों को लागू करने के दायित्व का आदेश देते हैं।

हमने किसी भी संदिग्ध निजी जानकारी के उल्लंघन से निपटने के लिए कार्यप्रणालियाँ स्थापित की हैं और आपको और किसी भी लागू प्रबंधकर्ता को उल्लंघन के बारे में सूचना देंगे जहाँ हमें ऐसा करना कानूनी रूप से आवश्यक है।

## आपकी जानकारी का संग्रह करना

आपकी निजी जानकारी कर्टिस-राईट या हमारे स्वीकृत तृतीय-पक्ष पूर्तिकर्ताओं के स्वामित्व वाली या उनके द्वारा संचालित प्रणालियों पर और सुविधाओं में संग्रहीत की जाएगी। इसे ईईए के अंतर्गत और बाहर स्थित प्रणालियों और सुविधाओं में संग्रहीत किया जा सकता है। आपका डेटा ईयू और यूके द्वारा अनुमोदित देशों के अंतर्गत स्थित प्रणालियों और सुविधाओं में और ईयू और यूके द्वारा अनुमोदित नहीं किए गए देशों के अंतर्गत स्थित सर्वरों पर संग्रहीत किया जा सकता है। कर्टिस-राईट के अंतर्गत, आपकी जानकारी हमारी सुरक्षित प्रणालियों पर संग्रहीत की जाएगी।

- **आपके निजी डेटा को सुरक्षित रखना।** कर्टिस-राईट की नीति केवल उन रिकॉर्डों को सुरक्षित रखना है जो हमारे व्यापारों के प्रभावी संचालन के लिए आवश्यक हैं और उन व्यक्तियों के प्रति अपने दायित्वों को पूरा करना है जिनकी निजी जानकारी हम संसाधित करते हैं। कर्टिस-राईट कानूनी और नियामक आवश्यकताओं के अनुरूप आपके निजी डेटा को सुरक्षित रखेगा। इसका अर्थ है कि जिन उद्देश्यों के लिए हम आपके निजी डेटा को संसाधित कर रहे हैं उनके लिए आवश्यक समय तक ही हम उसे सुरक्षित रखेंगे।
- जैसे ही निजी जानकारी उस उद्देश्य के लिए आवश्यक नहीं रह जाती है जिसके लिए उसे मूलतः एकत्रित किया गया था, इसे अप्रकट (जहाँ लागू कानून द्वारा अनुमति दी गई है), हटा या नष्ट कर दिया जाएगा।

## आपके निजी डेटा विषय अधिकार

राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय डेटा संरक्षण कानून हमारे द्वारा आपके निजी डेटा के संसाधन को नियंत्रित करता है और अपने निजी डेटा के संबंध में आपके कुछ अधिकार हो सकते हैं। आपको अधिकार हो सकता है:

- आपके निजी डेटा के एकत्रीकरण और उपयोग के बारे में **सूचित होना** । इस गोपनीयता सूचना पत्र के अंतर्गत आपको यह जानकारी प्राप्त हुई है ।
- अपने निजी डेटा को **प्राप्त करना**। यह आपको अपने निजी डेटा की प्रति प्राप्त करने के साथ साथ अन्य पूरक जानकारी प्राप्त करने की अनुमति देता है। (यह मुख्यतः हमारे द्वारा इस गोपनीयता सूचना पत्र में पहले से ही प्रदान की गयी जानकारी के अनुरूप है) हम आपके डेटा का उपयोग कैसे और क्यों कर रहे हैं इसे समझने और यह जाँचने के लिए कि हम इसे वैध रूप से कर रहे हैं यह आपकी मदद करता है।
- कुछ परिस्थितियों में अपनी निजी जानकारी को **हटाने या नष्ट करने का अनुरोध करना**। उदाहरण के लिए, यदि (i) अब हमारे लिए आपकी निजी जानकारी को उन उद्देश्यों के लिए संसाधित करना आवश्यक नहीं है जिनके लिए इसे मूलतः एकत्रित किया गया था या (ii) आप हमारे संसाधन के लिए अपनी सहमति वापस ले लेते हैं, जहाँ सहमति ही एकमात्र कानूनी आधार है जिस पर हम आपकी निजी जानकारी को संसाधित करने के लिए निर्भर करते हैं या (iii) आपकी निजी जानकारी को अवैध रूप से संसाधित किया गया है या (iv) लागू कानून के पालन के लिए आपकी निजी जानकारी को मिटाना हमारे लिए आवश्यक है।
- अशुद्ध निजी डेटा को **सही करना** या यदि आवश्यक हो तो इसे **अद्यतन** करना। यह महत्वपूर्ण है की आपके बारे में जो निजी जानकारी हमारे पास है वह सटीक और सामयिक हो। यदि हमारे साथ सम्बन्ध के दौरान आपकी निजी जानकारी बदलती है तो कृपया हमें सूचित करें।
- अपनी निजी जानकारी के संसाधन का **विरोध** करना या हमें आपकी निजी जानकारी के संसाधन को **प्रतिबंधित करने या रोकने** के लिए कहना जिससे आपको नुकसान या कष्ट होने की संभावना है, या ऐसा हो रहा है।
- अपनी निजी जानकारी की **सुवाह्यता** का अनुरोध करना। **डेटा सुवाह्यता** आपको विभिन्न आई.टी. सेवाओं में, संभवतः विभिन्न संस्थाओं के साथ, अपने उद्देश्यों के लिए अपने निजी डेटा को प्राप्त करने और पुनः उपयोग करने की अनुमति देता है।
- अपने निजी डेटा को **प्रत्यक्ष विपणन** उद्देश्यों के लिए प्रयुक्त होने से रोकना। यह एक पूर्ण अधिकार है।
- अपने बारे में ऐसा कोई निर्णय लिया जाने नहीं देना जो पूरी तरह से **स्वचालित निर्णय सृजन या प्रोफाइलिंग** पर आधारित हो, और ऐसे किसी भी निर्णय सृजन या प्रोफाइलिंग में सम्बद्ध तर्क को समझना, यदि वह निर्णय आपके बारे में कानूनी प्रभाव उत्पन्न करता है या आपको उल्लेखनीय रूप से प्रभावित करता है।

यदि आपको विश्वास है कि आपकी निजी जानकारी का हमारा संसाधन डेटा सुरक्षा कानून का पालन नहीं करता है तो आपको हमारे संग्रह और आपकी निजी जानकारी के उपयोग के बारे में आपके अधिकार क्षेत्र में डेटा सुरक्षा कानून के पालन के निरीक्षण के लिए उत्तरदायी पर्यवेक्षी प्राधिकरण से **शिकायत** करने का अधिकार भी है।

अपने उपयुक्त पर्यवेक्षी प्राधिकरण से कैसे संपर्क करें सहित, राष्ट्रीय डेटा गोपनीयता से संबंधित अधिक विस्तृत जानकारी यहाँ उपलब्ध है: Global Privacy Laws. यदि आपको इससे अधिक मार्गदर्शन की आवश्यकता है, तो कृपया कर्टिस-राईट डेटा सुरक्षा अधिकारी DPO@curtisswright.com से संपर्क करें। कर्टिस-राईट, आपकी चिंताओं को सम्बोधित करने के अवसर की प्रशंसा करेगा, इसलिए कृपया किसी भी शिकायत के संबंध में हमसे निःसंकोच संपर्क करें। हम डेटा गोपनीयता अधिकारों का उपयोग करने के लिए किसी व्यक्ति के साथ भेदभाव नहीं करेंगे।

आपको मालूम होना चाहिए कि आपके सभी डेटा विषयों के अधिकार पूर्ण नहीं हैं और केवल कुछ परिस्थितियों में ही लागू होंगे। कर्टिस-राईट आपके अधिकारों के प्रयोग को सरल बनाएगा जो लागू कानून के अनुसार आप पर लागू होंगे। हालाँकि, यदि आपकी निजी जानकारी को डेटा सुरक्षा कानून के तहत या अन्यथा सुरक्षा प्रदान नहीं की गयी है, हम हमारी डेटा संसाधन गतिविधियों के संबंध में आपके किसी भी अनुरोध या पूछताछ में सहायता करने का प्रयास कर सकते हैं। यदि आपके अधिकारों के बारे में आपके कोई प्रश्न हैं या आप अपने अधिकारों का प्रयोग करना चाहते हैं, तो आप इस गोपनीयता सूचना पत्र के अंत में दी गई संपर्क जानकारी का उपयोग करके हमसे संपर्क कर सकते हैं।

## कैलिफ़ोर्निया कंज्यूमर प्राइवेसी एक्ट

कैलिफ़ोर्निया कंज्यूमर प्राइवेसी एक्ट (सीसीपीए) 1 जनवरी, 2020 से प्रभावी हुआ है और इसने कैलिफ़ोर्निया के निवासियों के लिए कई अधिकारों का निर्माण किया है। कैलिफ़ोर्निया निवासी एक प्राकृतिक व्यक्ति है (निगम या अन्य व्यापारिक इकाई के बजाय) जो कैलिफ़ोर्निया में रहता है, भले ही वह व्यक्ति अस्थायी रूप से राज्य से बाहर हो।

यदि आप कैलिफ़ोर्निया के निवासी हैं, तो हम आपकी निजी जानकारी को सीसीपीए के अनुसार संसाधित करते हैं। सीसीपीए के तहत, निजी जानकारी को ऐसी जानकारी के रूप में परिभाषित किया गया है जो आपकी या आपके परिवार की पहचान बताती है, उससे संबंधित है या उसके साथ यथोचित जोड़ी जा सकती है। इसमें संघीय, राज्य या स्थानीय सरकार के रिकॉर्ड से सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी शामिल नहीं है।

इस भाग में निहित जानकारी सीसीपीए और परिशिष्टों द्वारा आवश्यक है, और इस गोपनीयता सूचना पत्र द्वारा जोड़ी गयी है।

- **सिद्धांत.** कर्टिस-राईट यह सुनिश्चित करेगा कि निजी जानकारी को संसाधित करने के सिद्धांतों के अनुसार निजी जानकारी को संसाधित किया जाएगा। कृपया भाग Principles For Processing Personal Data देखें।
- **निजी जानकारी का संसाधन.** आपको यह जानने का अधिकार है की हम क्या निजी जानकारी प्राप्त कर रहे हैं**,** यह डेटा हम कैसे प्राप्त करते हैं**,** उस संग्रह के लिए हमारे व्यापारिक उद्देश्य क्या हैं और हम डेटा को किसके साथ साझा करते हैं:
    - निजी जानकारी जिसे हम एकत्रित करते हैं , और उस जानकारी के स्त्रोतों के लिए , कृपया भाग Personal Information We Collect देखें।
    - हम आपकी निजी जानकारी को संसाधित क्यों करते हैं के उद्देश्यों के लिए, कृपया भाग Why We Process Your Personal Information देखें।
    - हम विभिन्न व्यापारिक और वाणिज्यिक कारणों से निजी डेटा को तृतीय पक्षों के साथ साझा करते हैं। तृतीय-पक्ष प्राप्तकर्ताओं की श्रेणियों के लिए जिनके साथ हम निजी डेटा को साझा करते हैं, कृपया भाग Sharing Your Personal Data देखें।
- **बिक्री.** हम आपके निजी डेटा की बिक्री नहीं करते हैं, इसलिए हम निजी डेटा की बिक्री पर ऑप्ट-आउट प्रदान नहीं करते हैं ।
- **अधिकार.** आपकी निजी जानकारी के संसाधन के संबंध में आपके कुछ अधिकार हैं। आपको अधिकार है कि आप:
    - निजी जानकारी की उन श्रेणियों को जानें जिन्हें हम एकत्रित करते हैं।
    - निजी जानकारी के उन विशिष्ट अंशों को जानें जिन्हें हम एकत्रित करते हैं।
    - उन स्रोतों की श्रेणियों को जानें जिनसे हमने निजी जानकारी एकत्रित की है।
    - उन उद्देश्यों को जानें जिनके लिए हम आपकी निजी जानकारी का उपयोग करते हैं।
    - उन तृतीय पक्षों की श्रेणियों को जानें जिनके साथ हम आपकी निजी जानकारी को साझा करते हैं।
    - जानकारी की श्रेणियों को जानें जिन्हें हम तृतीय पक्ष को बेचते हैं या प्रदान करते हैं।
    - अनुरोध करें कि हम आपकी निजी जानकारी को हटा दें।

आपको यह मालूम होना चाहिए कि सभी अधिकार पूर्ण नहीं होते हैं और केवल कुछ परिस्थितियों में लागू हो सकते हैं। लागू कानून और प्रक्रियाओं के अनुसार, जिनके लिए पहचान के सत्यापन की आवश्यकता हो सकती है, कर्टिस-राईट आपको आपके अनुरोध से पहले के 12-महीने की अवधि के लिए, निःशुल्क और 30 दिनों के भीतर आपके द्वारा अनुरोधित जानकारी प्रदान करेगा।

- **विषय अभिगम अनुरोधों का प्रकटीकरण।** सीसीपीए चाहता है कि हम प्राप्त, पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से स्वीकृत या अस्वीकृत किए गए अनुरोधों की संख्या का प्रकटीकरण करें। निजी जानकारी के अभिगम के लिए विषय अभिगम अनुरोधों, जैसा कि ऊपर बताया गया है, को 30 दिनों के अंदर संसाधित किया जाता है।
    - 2021 के दौरान, कर्टिस-राईट को कोई भी विषय अभिगम अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ था।
- **भेदभाव की अनुपस्थिति.** सीसीपीए आपके अधिकारों के प्रयोग में भेदभाव को प्रतिबंधित करता है। भेदभाव में वस्तुओं या सेवाओं से इनकार करना या अलग स्तर या गुणवत्ता की सेवा प्रदान करना या अलग-अलग मूल्य वसूल करना शामिल हो सकता है। यदि आप अपने अधिकारों का प्रयोग करना चाहते है, तो आपके साथ कोई भेदभाव नहीं किया जाएगा।
    - हालाँकि, यदि आप कर्टिस-राईट को अपनी निजी जानकारी प्रदान करने से इनकार करते हैं या हमें इसे हटाने के लिए कहते हैं और आपको वस्तुएँ या सेवाएँ प्रदान करने के लिए निजी जानकारी आवश्यक है, तो हम उस लेनदेन को पूरा करने में सक्षम नहीं होंगे।

यदि अपने अधिकारों के बारे में आपके कोई प्रश्न हैं या आप अपने अधिकारों का प्रयोग करना चाहते हैं, तो आप, या आपका एजेंट, इस गोपनीयता सूचना पत्र के अंत में दी गई संपर्क जानकारी का उपयोग करके हमसे संपर्क कर सकते हैं।

- **सुरक्षा -** कर्टिस-राईट आपकी निजी जानकारी  की सुरक्षा को गंभीरता से लेता है। कृपया भाग Protecting Your Personal Data देखें।

**शिकायतें। यदि आपको विश्वास है कि आपकी निजी जानकारी का हमारा संसाधन सीसीपीए का पालन नहीं करता है, तो आपको हमारे संग्रह और आपकी निजी जानकारी के उपयोग के बारे में, अटॉर्नी जनरल के कैलिफोर्निया कार्यालय से शिकायत करने का भी अधिकार है जो सीसीपीए के पालन के निरीक्षण के लिए उत्तरदायी हैं।**

यदि आपको विश्वास है कि कर्टिस-राईट ने सीसीपीए का उल्लंघन किया है, तो आप अटॉर्नी जनरल के कार्यालय में Consumer Complaint दर्ज कर सकते हैं। यदि आप शिकायत दर्ज करने का निर्णय लेते हैं, तो आपको यह स्पष्ट करना होगा कि कर्टिस-राईट ने सीसीपीए का उल्लंघन वास्तव में कैसे किया है और यह बताना होगा कि कब और कैसे उल्लंघन हुआ।

कर्टिस-राईट, आपकी चिंताओं को सम्बोधित करने के अवसर की प्रशंसा करेगा, इसलिए कृपया अपनी किसी भी शिकायत के संबंध में हमसे निःसंकोच संपर्क करें। हम डेटा गोपनीयता अधिकारों का उपयोग करने के लिए किसी व्यक्ति के साथ भेदभाव नहीं करेंगे।

### इस गोपनीयता सूचना पत्र में बदलाव

हम कम से कम, हर 12 महीने में इस गोपनीयता सूचना पत्र की समीक्षा करेंगे और इसे अद्यतन करेंगे। जब हम ऐसा करते हैं, तो हम गोपनीयता सूचना पत्र के शीर्ष पर "अंतिम अद्यतन" तिथि को संशोधित करेंगे और ऐसे अतिरिक्त कदम उठाएँगे जो कानून द्वारा आवश्यक हो सकते हैं। कृपया समय-समय पर अद्यतन के लिए जाँच करें ताकि हमारे द्वारा कौन सी निजी जानकारी एकत्रित की गई है, और इसका उपयोग कैसे किया गया है इस बारे में पूरी तरह अवगत रहें।

## हमसे संपर्क कैसे करें

यदि हमारे द्वारा आपकी निजी जानकारी के उपयोग के बारे में आपके कोई प्रश्न या चिंताएँ हैं, तो कृपया कर्टिस-राईट डेटा सुरक्षा अधिकारी से संपर्क करें:

- **डाक द्वारा**
  डेटा सुरक्षा अधिकारी
  कर्टिस-राईट
  15 एंटरप्राइज वे, एविएशन पार्क वेस्ट, बॉर्नमथ एअरपोर्ट, क्राइस्टचर्च, बीएच23 6एचएच, यूके।
- **ईमेल द्वारा**
  DPO@curtisswright.com
- **टेलीफोन द्वारा**
  +44 (0) 1202 034000